>

Title: Need to construct a railway overbridge at Saharsa Bengali Bazar railway Dhala falling between Saharsa Junction and Pachgachia Railway station in district Saharsa, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य के सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा जंक्शन से पचगछिया रेलवे स्टेशन के बीच सहरसा बंगाली बाजार पर समपार सं. 31 विकंष पर रेल रोड ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति वर्ष 1997 में हुई थी, लेकिन आज तक उक्त ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। उक्त पुल का निर्माण सहरसा प्रमण्डलीय मुख्यालय के बीच एन.एच-107 पथ पर होना है। ओवर ब्रिज निर्माण नहीं होने से कई-कई घंटा रेलवे ढाला पर ट्रेन आने के कारण जाम लगा रहता है, जिससे जन-जीवन अस्तव्यस्त हो जाता है।

अतः सहरसा जंक्शन से पछगछिया रेलवे स्टेशन खंड के बीच सहरसा समपार सं. 31 विकंष पर रेल रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र कराया जाये।